समाचार

मिशन चौक कब्रिस्तान कम्पाउण्ड व मुख्य मार्ग तक की सड़क नहाई एल.ई.डी. की दुधिया रोशनी से

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने किया स्ट्रीट लाईट व्यवस्था का लोकार्पण)

कोरबा 12 सितम्बर 2020 —वार्ड क्र. 01 अंतर्गत मिशन चौक से ज्योति स्कूल होते हुए कब्रिस्तान कम्पाउण्ड व मुख्य मार्ग तक की सड़क उस वक्त एल.ई.डी. की दुधिया लाईट से जगमगा उठी, जब महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने नवस्थापित सड़क रोशनी व्यवस्था का लोकार्पण किया, उन्होने स्वीच आन कर उक्त स्ट्रीट लाईट को जनता की सेवा में समर्पित किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 01 के अंतर्गत मिशन चौक से ज्योति स्कूल होते हुए कब्रिस्तान कम्पाउण्ड एवं मुख्य मार्ग तक 12 लाख 16 हजार रूपये की लागत से स्ट्रीट लाईट की स्थापना का कार्य कराया गया है, जिसके तहत 45 विद्युत खंभों में एल.ई.डी. लाईटें लगाई गई हैं। शुक्रवार को सायं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उक्त स्ट्रीट लाईट व्यवस्था का लोकार्पण किया, उन्होने लोकार्पण पटि्टका का अनावरण एवं स्वीच आन कर स्ट्रीट लाईट की उक्त महत्वपूर्ण सुविधा को जनता की सेवा में समर्पित किया। उक्त मार्ग में एल.ई.डी. लाईट की दुधिया रोशनी फैलते ही वहां पर काफी संख्या में उपस्थित स्थानीय नागरिकों ने करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल की क्षेत्र के विकास के प्रति गहरी रूचि के परिणाम स्वरूप निगम क्षेत्र में लगातार विकास के कार्य कराए जा रहे हैं, कोरोना के इस संकटकाल में विकास की गति धीमी अवश्य हुई है किन्तु राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के लगातार मार्गदर्शन में आमजनता की इच्छा व मांग के अनुसार विकास कार्यो को गति व दिशा दी जा रही है। उन्होने कहा कि कोरबा नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में नए विकास कार्य कराने के लिए राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के मार्गदर्शन व उनकी उपस्थिति में 149 करोड़ 51 लाख रूपये के विकास कार्यो के प्रस्ताव नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया को सौपे गए हैं, नगरीय

प्रशासन मंत्री द्वारा आश्वस्त किया गया है कि क्रमशः इन सभी विकास कार्यो को स्वीकृति प्रदान की जाएगी, जिसके परिणाम स्वरूप कोरबा के विकास कार्यो को और अधिक बल मिलेगा।

<u>पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल का कार्यकाल रहा ऐतिहासिक</u>—महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल का 05 वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक कार्यकाल रहा है तथा राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के निरंतर मार्गदर्शन व पूर्व महापौर श्रीमती अग्रवाल के दिशा निर्देशन में इस दौरान किए गए विकास कार्य कोरबा के विकास में मील के पत्थर साबित हुए हैं। उन्होने कहा कि आज जिस स्ट्रीट लाईट व्यवस्था का लोकार्पण किया गया है, वह कार्य भी उन्ही के कार्यकाल में स्वीकृत हुआ था, इसके साथ ही सैकड़ों ऐसे विकास कार्य हैं, जो उसी कार्यकाल में स्वीकृत हुए थे तथा वे निरंतर आज भी संपादित हो रहे हैं। कोरबा पेयजल आवर्धन योजना की बात हो या पश्चिम कोरबा क्षेत्र की जल आवर्धन योजना, बरसों से अंधेरे में डूबी बस्तियों में बिजली पहुंचाने की सम्पूर्ण विद्युतीकरण योजना हों या गली—गली, मोहल्ले—मोहल्ले सड़क, नाली, मंच, सामुदायिक भवन व अन्य अधोसंरचनात्मक विकास कार्य, उस कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियां रही हैं।

<u>बहुप्रतीक्षित मांग जो पूरी हुई</u>— इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य व वार्ड पार्षद श्री संतोष राठौर ने कहा कि वार्ड क्र. 01 में आज जिस स्ट्रीट लाईट व्यवस्था का कार्य लोकार्पित किया गया है, वह एक बहुत पुरानी मांग थी, जो आज पूरी हुई। उन्होने कहा कि यह कार्य पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्य काल में ही स्वीकृत हुआ था, तत्पश्चात निविदा आदि की प्रक्रिया एवं कोरोना संकट के चलते कार्य में देरी हुई किन्तु आज सुखद परिणाम स्वरूप यह कार्य जनता की सेवा में समर्पित कर दिया गया है, जिसके लिए वार्ड क जनता की ओर से मैं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के प्रति हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता हूँ।

इस अवसर पर पार्षद एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यकारणी सदस्य श्री सुरेन्द्रप्रताप जायसवाल, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, अमरजीत सिंह, पार्षद दिनेश सोनी, धरम निर्मले, रवि चंदेल, संतोष लांझेकर, रूप सिंह गोंड़, पूर्व पार्षद मनकराम साहू, बालाजी खरसन, कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बंटी शर्मा, सुरेश पटेल, गंगाराम बिंझवार, संतोष पटेल, संजय यादव, लिली सोना, राकेश लाल, विपूल गाडिया, आशीष जैकब, मनीष यादव, समीर यादव, कमाल खान आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।